तू मेरा समाज, मैं तेरा समाज
बाकी समाज... "भीड़"



**अलविदा**
तुम जैसा कोई नहीं इमरोज
एक युग का अंत
जुबां जल रही है कहते हुए...
इमरोज इस फानी दुनिया
को अलविदा कह गए...


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 165 | इंदौर, शनिवार 23 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## ◆ विधायक विश्राम गृह के
# आवास खाली कराना चुनौती

**सिर्फ 23 Ex MLA ने ही खाली किए आवास**

**रेस्ट हाउस के 53 आवासों और अध्यक्षीय पूल के 18 बंगलों को खाली कराने की चुनौती**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश में विधानसभा का पहला सत्र हो चुका है और विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियां शुरू होने वाली हैं। इस बीच विधानसभा सचिवालय के समक्ष विधायक विश्राम गृह के आवास खाली कराए जाने की चुनौती है। सचिवालय द्वारा आवास रिक्त करने को लेकर जितने पूर्व विधायकों को पत्र लिखे गए हैं उसमें से सिर्फ 23 ने ही अब तक आवास खाली किए हैं। ऐसे में नए विधायकों को आवास के लिए अतिरिक्त इंतजाम की दिक्कत बनी हुई है। इस तरह विधायक विश्राम गृह के कुल 53 आवासों और अध्यक्षीय पूल के 18 बंगलों को पूर्व विधायकों से रिक्त कराना है।**

जिन पूर्व विधायकों से विधायक विश्राम गृह खाली कराया जाना है उनमें रक्षा संतराम सरोनिया, गोपीलाल जाटव, अमर सिंह, सुभाष रामचरित्र, नंदनी मरावी, देवी सिंह सैयाम, ब्रह्मा भलावी, रामचंद्र दांगी, राम दांगोरे, सुमित्रा देवी कास्डेकर, दिलीप कुमार मकवाना, रघुनाथ मालवीय, टामलाल रघुजी सहारे, मुरली मोरवाल शामिल हैं। इनके साथ ही जजपाल सिंह जज्जी, भारत सिंह कुशवाहा, महेश राय, बैजनाथ कुशवाहा, तरवर सिंह, मुकेश रावत पटेल, निलेश विनोद डागा, राकेश गिरी, अजय टंडन, शशांक कृष्ण भार्गव, शरदेंदु तिवारी, राकेश पाल सिंह की ओर से भी अभी तक विधायक विश्राम गृह में आवंटित कमरे छोड़े नहीं गए हैं।



### अब तक इन पूर्व विधायकों ने खाली किए आवास

जिन पूर्व विधायकों ने विधानसभा द्वारा विधायक विश्राम गृह में आवंटित कमरे खाली कर दिए हैं, उसमें पुरुषोत्तम लाल तंतुवाय, शिवदयाल बागरी, पंचूलाल प्रजापति, राजश्री सिंह, पहाड़ सिंह कन्नौजे, देवेंद्र वर्मा, सुलोचना रावत, मेवाराम जाटव, राकेश मावई, श्यामलाल द्विवेदी, राज्यवर्धन सिंह, सीताराम आदिवासी, वीरेंद्र रघुवंशी, राजेश प्रजापति, ओपीएस भदौरिया, अर्जुन सिंह काकोडिया, नीलांशु चतुर्वेदी, बाल सिंह मेड़ा और लक्ष्मण सिंह के नाम शामिल हैं।

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने खाली किया बंगला

इधर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने 74 बंगले क्षेत्र में आवंटित विधानसभा अध्यक्ष का बंगला खाली कर दिया है। गौतम हालांकि विधानसभा सदस्य हैं लेकिन वे नए अध्यक्ष की शपथ के पहले ही आवास रिक्त कर पूर्व में विधायक विश्राम गृह के ओल्ड क्वार्टर में शिफ्ट हो गए हैं। विन्ध्य कोठी के समीप इस आवास में वे अध्यक्ष बनने से पहले भी रहते थे।

# जल्द हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार

**दिल्ली में मोदी-शाह से मिले CM डॉ. मोहन यादव; केंद्र से मिलेंगे 5,727 करोड़ रुपए**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में जल्द ही मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। सीएम डॉ. मोहन यादव, दोनों डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि इस दौरान प्रदेश के विभिन्न मुद्दों के साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई। वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर वे वापस भोपाल आ गए हैं।**

ऐसा माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर हरी झंडी मिल गई है। अब कभी भी मंत्रियों को शपथ दिलाई जा सकती है। शुक्रवार को दिल्ली में सीएम डॉ. मोहन यादव और दोनों डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा - राजेन्द्र शुक्ल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत कई नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश के मुद्दों पर बातचीत की गई। वहीं, केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मध्यप्रदेश को 5727 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की है।



### MP को केंद्र ने दी 5727 करोड़ की अतिरिक्त राशि

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मध्यप्रदेश को 5727 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की है। यह राशि शुक्रवार को सीएम डॉ. मोहन यादव के दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मुलाकात और विकास कार्यों के लिए तय प्राथमिकताओं पर चर्चा के बीच जारी हुई है।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बताया कि आगामी उत्सवों और नए साल के मद्देनजर केंद्र ने विभिन्न सामाजिक कल्याण उपायों और बुनियादी ढांचे के विकास योजनाओं के वित्त पोषण के लिए यह राशि दी है। इससे राज्य सरकारों को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए पीएम मोदी तथा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

# 152 लोग ईसाई धर्म छोड़कर बने हिंदू



## ◆ एमपी के 72, महाराष्ट्र के 80 लोगों ने की घरवापसी; बोले- लालच देकर धर्म बदलवाया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मुलताई। मध्यप्रदेश के बैतूल और महाराष्ट्र के अमरावती जिले की बॉर्डर से लगे दर्जनों गांव के 152 लोगों ने ईसाई धर्म छोड़कर सनातन में घरवापसी की है। इनमें एससी और एसटी वर्ग के लोग शामिल हैं। सावलमेंढा के रामदेव बाबा संस्थान में इन लोगों के हाथ में कलावा बांधा गया। गंगा जल पिलाकर और पैर पखार कर हिंदू धर्म में वापसी करवाई गई है।

लोगों ने बताया कि ईसाई मिशनरियों ने बहला-फुसलाकर धर्म बदलवाया था। हर परिवार को 20 हजार रुपए दिए गए। लालच की वजह से हम कन्वर्ट हुए थे। इसके बाद से हम खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। अपने समाज और रिश्तेदारों से भी दूर होते जा रहे थे।

### षड्यंत्र के तहत करवाते हैं धर्म परिवर्तन

ईसाई धर्म छोड़कर आए महादेव सलामे ने बताया कि पिछले दो दिन में मध्यप्रदेश के 72 और महाराष्ट्र के 80 लोगों ने घरवापसी की है। मिशनरी के प्रमोटर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब और जरूरतमंद लोगों को षड्यंत्र के साथ धर्म परिवर्तन करने के लिए राजी कर लेते हैं। वे मकान, पैसे और नौकरी देने के साथ ही बीमारी ठीक करने के वादे करते हैं।

### धर्म परिवर्तन के बाद वादा पूरा नहीं करते

छतर तवड़े ने बताया कि बैतूल और अमरावती जिले के दर्जनों गांव में कई परिवार ईसाई मिशनरियों के प्रमोटरों के षड्यंत्र में फंस चुके हैं। जो लोग अपना धर्म परिवर्तन करवा लेते हैं, उन्हें दूसरे ग्रामीण सामाजिक रूप से अलग कर देते हैं। उनके किसी भी कार्यक्रम में ग्रामीण शामिल नहीं होते हैं। ऐसे परिवारों में बेटे-बेटियों का रिश्ता भी नहीं करते हैं।

महादेव और छतर ने कहा कि मिशनरी के प्रमोटर जो वादे लोगों से करते हैं, वे धर्म परिवर्तन के बाद पूरे नहीं किए जाते। इससे ग्रामीणों के सामने वापस अपने धर्म में आने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उन्हें मानसिक रूप से तैयार करने में क्षेत्र के कुछ लोग लगातार काम कर रहे हैं। उन्हीं लोगों की समझाइश के बाद लोग अब घरवापसी करने लगे हैं।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रथम नगर आगमन को लेकर तैयारियां प्रारंभ

**व्यवस्थाओं को लेकर हुई पदाधिकारियों की बैठक, बड़ा गणपति से कृष्णपुरा छत्री तक होगा रोड शो**

◆ प्रशासनिक अधिकारियों ने भी शुरू की तैयारियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। मध्यप्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन यादव के 26 दिसम्बर को प्रथम नगर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी नगर एवं ग्रामीण की संयुक्त बैठक जावरा कंपाउंड स्थित भाजपा कार्यालय आहूत की गई । बैठक के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं विधानसभा क्र. 1 से विधायक कैलाश विजयवर्गीय का भव्य स्वागत किया गया। बैठक में ग्रामीण एवं नगर के पदाधिकारी प्रदेश पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष विधानसभा संयोजक एवं प्रभारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व लोकसभा स्पीकर श्रीमती सुमित्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सभी 9 सीटों पर जीतने के बाद बहुत प्रसन्नता हुई खुशी के कारण मेरा खून बढ़ गया।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सभी कार्यकतार्ओं की मेहनत से भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड विजय प्राप्त हुई है प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रथम नगर आगमन पर हमें ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी में जुटना है स्वागत में मालवा की झलक भी दिखाई देनी चाहिए। मुख्यमंत्री की तारीफ करते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि 230 विधायक में इकलौते विधायक है मोहन यादव जिनके पास सबसे ज्यादा डिग्री हैं सीएम वसेर्टाइल प्रतिभा के धनी हैं। इसलिए आज प्रदेश के सीएम हैं बैठक में बड़ा गणपति से लेकर कृष्णपुरा छत्री तक मुख्यमंत्री मोहन यादव का रोड शो तय किया गया है जो की 26 दिसंबर दोपहर 2:00 बजे प्रारंभ होगा

इस अवसर पर पूर्व लोकसभा स्पीकर श्रीमती सुमित्रा महाजन,वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण मुरारी मोघे , बाबू सिंह रघुवंशी,नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे, कार्यकारी जिला अध्यक्ष घनश्याम नारोलिया, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आई.डी.ए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, युवा आयोग के अध्यक्ष निशांत खरे, गोपी कृष्णा नेमा, पूर्व महापौर श्रीमती उमा शशि शर्मा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता,म.प्र. राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज कैरो, सभापति मुन्ना लाल यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज

उधर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की इंदौर यात्रा को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है। कलेक्टर इलैया राजा टी और निगम आयुक्त हर्षिका सिंह हुकुमचंद मिल परिसर पहुंचे और मिल परिसर का मौका मुआयना किया। निगम आयुक्त हर्षिका सिंह बोली..हुकुमचंद मिल से मजदूरों का भावनात्मक लगाव.. हमारा प्रयास है कि सीएम का कार्यक्रम इसी परिसर में हो.। 26,दिसंबर को सीएम बनने के बाद मोहन यादव पहली बार इंदौर आ रहे है। ..इस दौरान सीएम हुकुमचंद मिल मजदूरों को उनके हक की राशि प्रदान करेंगे।

# जनवरी में इन्दौर के तीर्थयात्रियों के लिए ऋषिकेश तक सीधी ट्रेन चलेगी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए जनवरी माह में इंदौर से ऋषिकेश के लिए सीधी ट्रेन रेलवे शुरू करने वाला है। सप्ताह में चार दिन चलने वाली इस तीर्थयात्री स्पेशल ट्रेन से तीर्थयात्रा पर जाने वाले सैकड़ों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी । वहीं पूर्व से संचालित इंदौर - देहरादून और लक्ष्मीबाई नगर - देहरादून एक्सप्रेस को भी ऋषिकेश तक चलाया जा रहा है । इंदौर से देहरादून तक चलने वाली उज्जैनी और इंदौर - देहरादून एक्सप्रेस अब जनवरी से ऋषिकेश तक चलेगी।**

अभी ये दोनों ट्रेनें देहरादून तक जाती है जिन्हें ऋषिकेश तक चलाया जाएगा। इसके चलते इन्दौर से यात्रियों को सप्ताह में चार दिन ऋषिकेश तक सीधी रेल सुविधा मिलेगी । इन ट्रेनों की रेलवे ने बुकिंग भी शुरू कर दी है । उज्जैन- देहरादून एक्सप्रेस जो पहले उज्जैन से चलती थी उसे भी इन्दौर के लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन तक बढ़ा दिया गया है। वहीं इंदौर रेलवे स्टेशन से जो इंदौर - देहरादून एक्सप्रेस संचालित होती थी उसे भी लक्ष्मीबाई नगर से संचालित किया जाएगा। नए साल में दोनों ट्रेनें लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से चलेंगी।

## 26 से 28 के बीच 4 और ट्रेनें निरस्त रहेंगी

उज्जैन - देवास - इन्दौर के उज्जैन सेक्शन में बरलई-लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन के बीच रेलवे डबलिंग का काम कर रहा है। इसके तहत 26 से 28 दिसंबर के बीच 4 ट्रेनें अलग-अलग दिन निरस्त रहेंगी। इनमें जबलपुर एक्सप्रेस और नागदा पैसेंजर शामिल हैं। ग्वालियर और भिंड एक्सप्रेस डायवर्ट रूट से चलेंगी। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलवे ने 15 से 30 दिसंबर तक पहले ही 2 ट्रेनों को निरस्त, 2 को शॉर्ट टर्मिनेट और 12 ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया हुआ है।

27-28 दिसंबर : - 22191 इंदौर-जबलपुर एक्सप्रेस 26-27 दिसंबर :- 22192 जबलपुर-इंदौर एक्सप्रेस

27-28 दिसंबर : - 09587 नागदा-इंदौर पैसेंजर स्पेशल

27-28 दिसंबर : - 09588 इंदौर-नागदा पैसेंजर स्पेशल

इन ट्रेनों का रूट बदला -

26 दिसंबर को 11126 ग्वालियर-रतलाम एक्सप्रेस वाया उज्जैन, फतेहाबाद, चंद्रावतीगंज, रतलाम चलेगी।

27-28 दिसंबर को 11125 रतलाम-ग्वालियर एक्सप्रेस वाया रतलाम, फतेहाबाद, चंद्रावतीगंज, उज्जैन चलेगी।

27 दिसंबर को 21126 भिंड-रतलाम एक्सप्रेस वाया उज्जैन, फतेहाबाद, चंद्रावतीगंज, रतलाम चलेगी।

## इंदौर में बढ़ेंगे झोनल कार्यालय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर की उत्तरोत्तर बढ़ती जनसंख्या तथा शहरी विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने आज इंदौर के समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर इंदौर नगर पालिक निगम के जोनल कार्यालय के विस्तार की कार्ययोजना पर चर्चा की।वर्तमान में शहर के 85 वार्ड के लिए 19 जोनल कार्यालय है, जिन्हें बढ़ाकर 22 किया जाएगा, ताकि नगर निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली जनसुविधाएं शहर के नागरिकों को आसानी से सुलभ हो सके।

## कटाक्ष




# सेंडवीच की दुकान पर निगम स्वास्थ्य अमले का धावा

◆ अमानक स्तर का डिस्पोजल प्लेट व ग्लास मिलने पर की चालानी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। जंजीर वाला चौराहास्थित सपना सेंडवीच नामक दुकान पर गुरूवार को नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने धावा बोला और जॉच में अमानक स्तर का डिस्पोजल प्लेट व ग्लास मिलने पर चालानी कार्रवाई की। वहीं, सुखलिया मेन रोड़ पर अनुदेशक नगर स्थित मटन-चिकन की 6 दुकानों पर अव्यवस्था, गंदगी व खुले में विक्रय पाए जाने पर सभी दुकान संचालकों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई।**

उल्लेखनीय है कि नगर निगम कमिश्नर के लम्बी छुट्टी पर जाने के बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव लगातार सक्रिय नजर आ रहे है। महापौर भार्गव शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में दुकानदारों को फुटपाथ व सड़क किनारे सामान रखकर व्यापार न करने की समझाईश भी लगातार दे रहे है। वहीं अमानक पॉलथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय करने वालों और दुकान के बाहर खुले में मॉस-मटन बेचने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही करने निर्देश उन्होने दिए है। गुरूवार को जोन-9 के वार्ड-47 में जंजीर वाला चौराहे पर स्थित सपना सेंडवीच दुकान पर पहुंचे सीएसआई कुलदीप बागरी और उनकी टीम ने जॉच के बाद अमानक स्तर के डिस्पोजल प्लेट व ग्लास मिलने पर की चालानी कार्रवाई की। निगम ने करीब 20 हजार रू. का स्पॉट फाईन किया और दुकान संचालक को समझाईश दी।

## मांस -मटन की 6 दुकानों के भी बनाए चालान

इसी प्रकार जोन-6 के वार्ड-27 में सीएसआई अनिल सिरसिया व उनकी टीम ने सुखलिया प्राईम सिटी मेन रोड़ पर अनुदेशक नगर स्थ?ति मटन व चिकन की 6 दुकानों पर खुले में मांस विक्रय व गंदगी मिलने पर चालानी कार्रवाई की। इस दौरान प्रत्येक दुकान पर 500-500 रू. के चालान बनाए।

# दुकानों से मोबाइल चोरी करने वाली गैंग पकड़ाई

## बदमाशों से पुलिस ने बरामद किए 60 मोबाइल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गांधीनगर पुलिस ने मोबाइल चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने 24 घंटे में 6 आरोपियों को गिर तार कर उनके पास से 60 मोबाइल बरामद किए हैं। ये सभी मोबाइल दुकानों को निशाना बनाते थे। इसमें सबसे दिलचस्प बात ये है कि सभी आरोपी गांधीनगर क्षेत्र में एक झोपड़ी में रहते थे दिनभर गैंग के सदस्य वहीं सोते थे और रात होते ही वारदात को अंजाम देने निकल पड़ते थे। पुलिस इनसे अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ कर रही है।**

डीसीपी जोन-1 आदित्य मिश्रा एवं थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि गुरुवार रात्रि पुलिस टीम गश्त कर रही थी इस दौरान तीन संदिग्ध युवक उन्हें मिले। वे पुलिस को देखकर भागने लगे इस दौरान भागने वाले युवकों में से किसी एक का मोबाइल वहीं गिर गया। जब पुलिस ने मोबाइल की जांच की तो पता चला कि उक्त मोबाइल चोरी का है। इस पर मोबाइल की डिटेल निकाली गई और उस आधार पर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने गैंग के अन्य सदस्यों के नाम बताए इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें भी पकड़ा। गिर त में आए बदमाशों के नाम आकश पिता कैलाश वघेल(19) निवासी गांधीनगर. विष्णु पिता जयपाल कटारे (19) निवासी बड़ा बागंड़दा, विशष्णु पिता राजेश डाबर (18) निवासी देवास,इमरान पिता मियाज मंसूरी(19) निवासी रसलपुर देवास और बबलू पिता प्रकाश कुंडलिया(18) निवासी रसपुर देवास हैं। पुलिस ने गिर त में आए बदमाशों से करीब 60 मोबाइल,इयरफोन और अन्य इलेक्ट्रानिक सामग्री बरामद की है। गैंग के सदस्य मोबाइल दुकानों को ही निशाना बनाते थे। गैंग के सदस्य गांधीनगर में कुछ दिन पहले ही रहने आए थे ये यंहा एक झोपड पट्टी में रहते थे। दिन में गैंग के सभी सदस्य सोते थे और आधी रात को फिर वारदात को अंजाम देने की नीयत से निकल जाते थे।

### चौकीदार से भी हो रही पूछताछ

डीसीपी जोन-1 आदित्य मिश्रा ने बताया कि जिस झोपडी में गैंग के सदस्य रहते थे उसे एक चौकीदार ने उन्हें किराए में दी थी। चौकीदार गैंग के सभी लडक़ों को अपना रिश्तेदार बताता था और आसपास के लोगों को ये बताता था कि ये सभी यहां मजदूरी करने आए हैं। पुलिस ने चौकीदार को भी हिरासत में ले लिया है और उसकी भूमिका की भी जांच की जा रही है। वहीं डीसीपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि गैंग में शामिल युवक लोगों को गुमराह करने के लिए एक मल्टी में अपना घर बताते थे लेकिन जब पुलिस ने बताई गई मल्टी में जाकर जांच की तो पता चला कि वहां किसी का भी घर ही नही था।

### एरोड्रम क्षेत्र से चुराए थे मोबाइल

गांधी नगर पुलिस ने जिस मोबाइल चोरी करने वाली गैंग को पकड़ा है उसने कुछ दिन पहले एरोड्रम क्षेत्र में एक मोबाइल दुकान के ताले चटाकर वहां से करीब 16 मोबाइल चोरी किए थे। पुलिस ने बदमाशों से जो मोबाइल बरामद किए हैं उसमें से करीब 16 मोबाइल उसी दुकान से चुराए गए थे।

### हाल ही में छूटे थे जेल से

डीसीपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि गैंग के कुछ युवक हाल ही में जेल से छूटे थे। जेल जाने वाले गैंग के सदस्य एटीएम लूट की वारदात को भी अंजाम दे चुके हैं। ऐसे में पुलिस अब इंदौर शहर में एमटीएम में हुई चोरी की घटनाओं के संबंध में भी इनसे पूछताछ कर रही है।

### इनकी रही अहम भूमिका

मोबाइल चोरी गैंग को पकडऩे में गांधीनगर थाना प्रभारी अनिल यादव,एएसआई बालसिंह, अंग्रेस एक्का,प्रधानआरक्षक भावेश सहित अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

# गोलीकांड को अंजाम देने वाला बदमाश पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गोलीकांड की फर्जी रिपोर्ट लिखाने वाले बदमाश को गांधीनगर पुलिस ने 6 माह बाद गिर तार कर उसके पास से पिस्टल भी बरामद कर ली है। गांधी नगर थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि हत्या के प्रयास की झूठी रिपोर्ट लिखाने वाला बदमाश जावेद पिता रशीद खान निवासी मंगल मार्ग गांधी नगर पिछले 6 माह से फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने आखिरकार गिर तार कर लिया। उससे पुलिस ने पिस्टल भी बरामद की है। टीआई अनिल यादव ने बताया कि आरोपी जावेद ने 27 अप्रैल 202& की शाम को अपने घर पर अपनी पत्नी आयशा को जान से मारने की नीयत से पिस्टल से फायर कर उसे घायल कर दिया था। घटना में आयशा बी को मुंह में गोली लगी थी। घटना के बाद आरोपी जावेद आयशा को इलाज के लिए अरबिंदो अस्पताल लेकर पहुंचा था यंहा उसने उसे भर्ती कराया और फिर थाने पहुंचा यंहा उसने झूठी कहानी बताते हुए पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी आयशा के साथ बोहरा कालोनी से आ रहा था तभी पीछे से अज्ञात मोटरसायकल पर सवार दो व्यक्तिों ने मोटरसायकल पर पीछे बैठी पत्नी आयशा को गोली मार दी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में पुलिस आरोपी की साली व मां अफरोजा बी से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि घटना के समय जावेद घर पर ही था वहीं उसकी पत्नी आयशा खाना बना रही थी। उसी समय जावेद से मजाक मजाक में गोली चल गई थी। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था जिसे गिर तार करने में पुलिस को सफलता मिली।

# पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिली नये स्पोर्ट्स क्लब की सौगात

## कमिश्नर मकरंद देऊस्कर ने किया शुभारंभ

**इंदौर।** शहर के पुलिस रक्षित केंद्र में पुलिस क्लब के रूप में नई सौगात पुलिस प्रशासन द्वारा अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को दी गई है। यह पूर्ण रूप से स्पोटर्स क्लब है। यहां पर नया सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस,जि नेशियम एवं अन्य स्पोटर्स गतिविधियां संचालित होंगी। शहर के पुलिस कमिश्नर मकरंद देऊस्कर ने शुक्रवार को सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को फिट रहने के लिए स्पोटर्स एक्टिविटी से जडे रहना चाहिए ताकि वह तनाव मुक्त जीवन शैली का लाभ ले सकें। जीवन में अपने तमाम कार्यों क अलावा खेलना और व्यायाम करना कितना जरूरी है इसके लिए भी कमिश्नर ने अपने सभी अधिकारी कर्मचारियों को इस नये स्पोटर्स क्लब का रोजाना उपयोग करने की बाते कही है। इस दौराम पर पुलिस कमिश्नर मकरंद देऊस्कर के अलावा उनके मातहत सभी अधिकारी पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# महिला तस्कर के यंहा आबकारी ने दी दबिश

## कई लीटर जब्त की शराब,पहुंचाया जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आबकारी की टीम ने महिला तस्कर के यंहा दबिश देकर वहां से कई लीटर शराब जब्त की है। महिला तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।**

आबकारी ने अवैध रूप से शराब बेच रहे तस्करों की धरपकड़ के लिए अभियान छेड़ रखा है। इसी कड़ी में आबकारी की टीम ने एक महिला तस्कर के यहां दबिश देकर वहां से कई लीटर शराब जब्त की है। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आबकारी की टीम ने ग्राम बारोली स्थित एक महिला राधाबाई के मकान में दबिश दी। इस दौरान टीम ने राधाबाई के घर से &60 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त की। महिला तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जंहा से उसे न्यायायिक हिरासत में जिला जेल भेजा गया। वहीं अफसरों ने अलग अलग वृत्त में संचालित हो रहे ढाबों और होटलों की जांच की इस दौरान कई जगह अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी। इस पर 7 लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनके कब्जे से चार लीटर देशी मदिरा,21लीटर विदेशी मदिरा,89 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की है। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे का कहना है कि &1 दिसंबर के चलते यह अभियान नहीं छेड़ा गया है बल्कि अब सतत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए मुखबिर तंत्र को भी मजबूत किया गया है।

# साइकिल सवार को टक्कर मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** थाना राऊ इलाके में एक वाहन चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने फरियादी आशीष ग्रेवाल निवासी संजय नगर राऊ की रिपोर्ट पर वाहन एमपी 09 वीबी 0886के चालक पर केस दर्ज किया है। हादसा राऊ में हरदम लाला पुलिया के पास कमल नगर के टर्न पर हुआ।

# युवती के साथ वार्डन ने की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विजयनगर इलाके में एक निजी गर्ल्स होस्टल में हुए विवाद में युवती के साथ वहां की वार्डन ने मारपीट कर दी। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया। थाना विजयनगर पुलिस के मुताबिक विवाद भाग्यश्री कालोनी स्थित नेहा गर्ल्स होस्टल में हुई। फरियादी प्रियंका ठाकुर की रिपोर्ट पर होस्टल की वार्डन मीनाक्षी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। घटना 21 दिसंबर की बताई गई है। फरियादी ने शिकायत में कहा कि मैं होस्टल की किचन मेस में अपनी बीमार सहेली के लिए खाना लेने गई थी। तभी वहां होस्टल वार्डन मीनाक्षी ने मुझे रोका और कहा कि अब खाना नहीं बचा है वापस चले जाओ। जब मैंने उनसे कहा कि मेरी सहेली अंतिमा की तबीयत 'यादा ख्राब है उसके लिए खाना चाहिए क्योंकि उसे दवाई लेना है। इस पर विवाद हो गया और वार्डन मुझे गालियां देने लगी। मैने गालियां देने से मना किया तो उन्होंने मेरे साथ मारपीट की और वहां से भगा दिया।

# युवक को बेल्ट और लात घूसों से पीटा

**इंदौर।** नींब से टोटका कनरे की बात को लेकर हुए विवाद में चार आरोपियों ने एक युवक को बेल्ट और लात घूसों से पिटाई कर दी। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। थाना विजयनगर पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना बर्फानी धाम पानी की टंकी के पास हुई। पुलिस ने फरियादी मनीष पिता मानसिंह यादव निवासी फिनिक्स टाउनशिप कैलोद हाला की रिपोर्ट पर आरोपी रजत शाह,उसका भाई अमित शाह साथी प्रिंस बांगर व अर्जुन लोवंशी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं और मेरा दोस्त नितिन दोनों बर्फानी धाम पानी की टंकी के पास रजत शाह से मिलने आए थे। उसी दौरान रजत के साथ उसका भाई अमित और दो अन्य साथी प्रिंस व अर्जुन भी आए थे। इस दौरान आरोपी रजत ने कहा कि तू मेरे ऊपर नींबू उतारकर फेंक रहा है। जब मैंने मना किया कि मैं ऐसा नहीं कर रहा हूं। इसी बात को लेकर चारों आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया और मुझे ओर मेरे दोस्त नितिन को गालियां देने लगे। जब मैंने उन्हें गालियां देने से मना किया तो आरोपियों ने बेल्ट,हाथ में पहने कड़े से मारा और फिर लात घूसों से भी पीटा। हमले में मुझे सिर में चोट लगी। बीच बचाव में मेरे दोस्त को भी चोट आई है।

# बदमाशों ने सदरबाजार और विजयनगर क्षेत्र में मचाया उत्पात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सदरबाजार और विजयनगर इलाकों में अड़ीबाजी बदमाशों ने उत्पात मचाते हुए दो वारदातों को अंजाम दिया। एक घटना में नशेड़ी दो आरोपियों ने रूपए न देने पर महिला पर मोगरी से हमला कर दिया। जबकि दूसरी वारदात में एक दुकानदार पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक पहील घटना थाना सदरबाजार क्षेत्र में राधा नगर के समीप हुई। फरियादी हेमा पति सुरेश चौधरी (&5) की रिपोर्ट पर आरोपी आनंद और मनीष कौशल निवासी राधा नगर के खिलाफ अड़ीबाजी और हमले की धाराओं में केस दर्ज किया गया। उन्होंने पुलिस को बताया कि नशे के आदी आरोपियों ने रोका और बोले कि हमें पावडर पीने के लिए एक हजार रूपए चाहिए,रूपए दे दो। जब आरोपियों को रूपए देने से मना किया और विरोध किया तो उन्होंने गाली दी और लात घूसों के साथ मोगरी से हमलाकर दिया। हमले में वह घायल हो गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और भाग गए। इधर विजयनगर इलाके में अड़ीबाजी की वारदात मंगल सिटी ग्राउंड पर स्वेटर जर्सी की एक दुकान पर हुई। फरियादी सुनील कुमार पिता श्रीपाल सिंह नायक निवासी विदुर नगर की रिपोर्ट पर चिंटू मालवीय,राजेश सिसोदिया और इनके अन्य साथी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी दुकानदार ने पुलिस को बताया कि वह अपनी दुकान पर स्वेटर-जर्सी बेच रहा था तभी रात को आरोपी चिंटू और अन्य वहां आ गए और धमकाते हुए बोले कि तू 'यादा तेज चल रहा है तुझे यहां दुकान लगानी है तो हमें हर ह ते वसूली के रूपए देने पड़ेंगे तभी हम तेरी दुकान यहां चलने देंगे। फरियादी ने बताया कि जब आरोपियों को मैंने रूपए देने से मना किया तो उन्होंने गालियां देते हुए लात घूसों से मारपीट की और आरोपी ने पेट में चाकू घोंप दिया। हमले के बाद बदमाश जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# जीतू पटवारी बोले- भाजपा ने शिवराज को दरकिनार किया

## भोपाल में कांग्रेस के प्रदर्शन में कहा- सांसदों का निलंबन तानाशाही है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। लोकसभा और राज्यसभा से 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में भोपाल में कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया। रोशनपुरा चौराहा पर इस प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा, बीजेपी ने चुनाव में शिवराज का चेहरा दिखाया और परिणाम के बाद सीएम बदल दिया। तीनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के चयन की प्रक्रिया को देखें। क्या विधायकों को अपनी पसंद का मुख्यमंत्री चुनने का अधिकार नहीं है। शिवराज ने अपने वादे और विचार प्रदेश की जनता को बताए और उन्हें ही किनारे कर दिया गया।**

जीतू पटवारी ने कहा, विधानसभा और लोकसभा लोकतंत्र के मंदिर हैं। इसमें जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर सवाल होते हैं। भाजपा ने इस ताकत को चकनाचूर किया है। इस अहसास को मैं जी सकता हूं। पिछले सत्र में मुझे जिस तरह से निलंबित किया गया, वह एक उदाहरण है। ये तानाशाही है।

### कहा- सांसदों को केंद्र सरकार के इशारे पर निलंबित किया

भोपाल में प्रदर्शन में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव भी मौजूद रहे। कांग्रेस ने केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों और सांसदों के निलंबन का विरोध किया। इंदौर में रीगल चौराहा पर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस का कहना है कि केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर 146 सांसदों का निलंबन किया गया है। लोकतंत्र की इस तरह की जा रही हत्या के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और पार्टी के पदाधिकारी भी पहुंचे थे।




### जीतू पटवारी ने ईवीएम पर उठाए सवाल

पटवारी ने कहा, ईवीएम की वर्किंग पर सवाल उठ रहे हैं। लोकतंत्र में ईवीएम को लेकर कई लोगों ने कोर्ट में कई केस लगाए हैं। चुनाव परिणाम आने पर लोगों का विश्वास कम होने लगता है। यह सवाल भी उठ रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद 500 से ज्यादा सांसद सस्पेंड हुए हैं।

पटवारी ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश डॉ. मोहन यादव को लेकर कहा, सीएम यादव ने संकल्प पत्र को गीता रामायण कहा है। उन्हें पता होना चाहिए कि पिछला संकल्प पत्र आधा भी पूरा नहीं हुआ है तो उनकी बात का कैसे भरोसा किया जाए।

### ◆ मोहन सरकार का रिमोट दिल्ली के पासः उपनेता प्रतिपक्ष

उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा, मध्य प्रदेश केंद्र शासित प्रदेश बनने की ओर बढ़ चुका है। हमने स्पीकर पद के लिए समर्थन किया। डिप्टी स्पीकर पद की मांग की तो भाजपा नेताओं ने कहा, दिल्ली से बात करनी होगी। डॉ. मोहन यादव जी ज्यादा खुश ना हों, इस सरकार का रिमोट भी दिल्ली के पास है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने कहा, मायूस ना हों यह वक्त है, यह भी गुजर जाएगा। 2024 में हम एक नई इबारत लिखेंगे। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा, भाजपा बताएं कि भगत सिंह ने जब संसद पार्लियामेंट में बम फेंका था वह सही था या गलत था। वह बताएं अंग्रेज शासन का उनको दंड देना सही था या गलत था। रोजगार नौजवानों ने अपने हक की आवाज उठाने के लिए यह काम किया है।

### ◆ कांग्रेस देशव्यापी प्रदर्शन की भी तैयारी में

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर कहा- हैं तैयार हमह्व, साथियों..., आने वाले 28 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने गौरवशाली इतिहास के 138 साल पूरे करने जा रही है। कांग्रेस के इस स्थापना दिवस पर नागपुर में दोपहर दो बजे से राष्ट्रीय स्तर की विशाल रैली हैं तैयार हम [1]का आयोजन किया जा रहा है। हमें राष्ट्र निर्माण में कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक लेकर जाना है। एक खुशहाल और समृद्ध हिंदुस्तान बनाना है। माना जा रहा है कि इस रैली के जरिए कांग्रेस बीजेपी की केंद्र सरकार के विरुद्ध चुनाव के पहले माहौल खड़ा करने की कोशिश करेगी।

# शिवराज बोले– सरकार को वादे याद दिलाता रहूंगा

## अनूपपुर में कहा- भाई-मामा के रिश्ते परमानेंट, उनका पदों से कोई संबंध नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर**। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को अनूपपुर में कहा, हमने जनता से विकास के वादे किए थे, वो सब पूरे होंगे। मैं अपेक्षा करता हूं कि सरकार हमारा संकल्प पत्र पूरा करेगी। मैं समय-समय पर सरकार का इस ओर ध्यान दिलाता रहूंगा। भाई और मामा के रिश्ते परमानेंट होते हैं। उनका पदों से कोई संबंध नहीं होता।

शिवराज ने कहा, मैंने भी जनता के बीच जाकर माता-बहनों से कुछ वादे किए थे। जो नई सरकार पूरा करेगी। हमने अमरकंटक में ही नर्मदा लोक बनाने की बात कही थी, वो भी पूरा होगा। सीएम डॉ. मोहन यादव और सरकार उसे पूरा करेगी। प्रदेश के सेवक होने के नाते जनता से मेरे रिश्ते भाई और मामा के हैं। शिवराज सिंह दो दिवसीय प्रवास पर अमरकंटक में हैं। शुक्रवार सुबह होलीडे होम में उन्होंने पौधरोपण किया। इसके बाद नर्मदा उद्गम स्थल पहुंचे। यहां पत्नी के साथ पूजन किया। इसके बाद मीडिया से बातचीत की। यहां से शंभू धरा की ओर चले गए। शिवराज शनिवार को भी अमरकंटक में ही रहेंगे।

### एडीएम की तबीयत बिगड़ी

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम में गुरुवार रात अनूपपुर के एडीएम सीपी पटेल की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल अमरकंटक से जबलपुर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि एडीएम को ब्रेन स्ट्रोक हुआ, लेकिन अभी तक इस बारे में डॉक्टर ने कुछ भी कहने से मना कर दिया है।

# 2000 करोड़ का कर्ज लेगी डॉ. मोहन सरकार

## लाड़ली बहना समेत अन्य योजनाओं के लिए पड़ी जरूरत; पहले ही बजट से ज्यादा है कर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार बाजार से पहली बार दो हजार करोड़ रुपए का कर्ज लेने जा रही है। कर्ज की ये राशि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना समेत अन्य योजनाओं पर खर्च की जाएगी। यह कर्ज 26 दिसंबर को आरबीआई के माध्यम से लेने के लिए बिडिंग होगी और 27 दिसंबर को सरकार को यह पैसा मिलेगा। बता दें, मप्र पर बजट से ज्यादा कर्ज पहले से है।**

एक माह के भीतर राज्य सरकार द्वारा लिया जाने वाला दो हजार करोड़ रुपए का यह दूसरा कर्ज है। विधानसभा चुनाव परिणामों का ऐलान होने के पहले 28 नवंबर को 2 हजार करोड़ का कर्ज लिया गया था। इस साल जनवरी से अब तक 39,500 करोड़ रुपए का कर्ज लिया जा चुका है।

### कर्ज के लिए नोटिफिकेशन जारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना को लेकर कांग्रेस द्वारा की जाने वाली घेराबंदी के चलते साफ किया है कि योजना बंद नहीं होगी। इसका पैसा समय पर हितग्राहियों के खाते में भेजा जाएगा। इसके बाद वित्त विभाग ने बुधवार को दो हजार करोड़ रुपए कर्ज लेने के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया।

गुरुवार को सीएम डॉ. यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान दोहराया था कि सरकार कोई योजना बंद नहीं करेगी। सभी योजनाओं के लिए तय समय पर राशि भेजी जा रही है।

### अकेले 1600 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में जाएंगे

वित्त विभाग के नोटिफिकेशन के मुताबिक रिजर्व बैंक के माध्यम से नई सरकार में पहला कर्ज लिया जाएगा। दो हजार करोड़ रुपए का यह कर्ज 16 साल के लिए लिया जा रहा है, जिसकी अदायगी 26 दिसंबर 2039 तक करना है।

विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के चुनावी मुद्दा बनाए जाने के चलते राज्य सरकार ने नवंबर महीने में शुरूआत में कर्ज नहीं लिया था, लेकिन काउंटिंग के पांच दिन पहले 28 नवंबर को दो हजार करोड़ का कर्ज सरकार को लेना पड़ा था। बताया जाता है कि अकेले 1600 करोड़ रुपए लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 1.31 करोड़ बहनों के खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे। तत्कालीन शिवराज सरकार ने इसके लिए 10 तारीख तय कर रखी थी। नई सरकार ने अभी इस तारीख में बदलाव नहीं किया है।

### आचार संहिता लागू होने के बाद लिया था 3 बार कर्ज

मध्यप्रदेश में 9 अक्टूबर को चुनावी आचार संहिता लागू हुई थी। इसके बाद तत्कालीन शिवराज सिंह चौहान सरकार ने अक्टूबर महीने में ही तीन बार में 4 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। इसके पहले सितंबर महीने में राज्य सरकार ने घोषणाओं के क्रियान्वयन समेत कर्मचारियों और अन्य वर्गों को दी जाने वाली सेवाओं के लिए 4500 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था।

# सीएम मोहन का एक्शन शुरू, संभागों में जाएंगे एसीएस

## करना होगा संभागों और जिलों का दौरा, योजनाओं की समीक्षा करेंगे अपर मुख्य सचिव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में बैठकर काम करने वाले अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मैदानी रिपोर्ट जुटाने की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया है। इसी के चलते अपर मुख्य सचिवों की ड्यूटी संभागीय मुख्यालयों पर योजनाओं और विकास कार्यों की मानिटरिंग और सुपरविजन के लिए लगा दी गई है और जल्द ही प्रमुख सचिव स्तर के अफसरों की भूमिका भी तय की जा सकती है। अपर मुख्य सचिवों से जिलों और संभागों की सीधी रिपोर्ट भी सीएम यादव लेंगे।

सीएम डॉ. यादव ने पिछले दिनों मुख्य सचिव वीरा राणा से प्रशासिनक कसावट को लेकर हुई बैठक में प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए मंत्रालय के अफसरों की ड्यूटी लगाने को कहा था। इसमें तय किया गया है कि ऐसे अधिकारी संभागीय मुख्यालय में जाकर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और इसकी रिपोर्ट राज्य शासन को देंगे। सीएम के निर्देश के बाद मुख्य सचिव वीरा राणा ने अपर मुख्य सचिव स्तर के अफसरों की ड्यूटी संभागीय समीक्षा के लिए लगाई है। यहां् गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम पद की शपथ के बाद फैसला किया है कि वे संभागीय स्तर पर बैठकें लेंगे और विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। सबसे पहले उज्जैन संभाग की समीक्षा सीएम यादव कर भी चुके हैं।

### संभागों में यह काम करना होगा अपर मुख्य सचिवों को

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गुरुवार को जारी आदेश में कहा गया है कि संभाग स्तर पर विकास कार्यों की होने वाली समीक्षा बैठक के प्रभावी मानिटरिंग और सुपरविजन के लिए ये अधिकारी जवाबदेह होंगे। इन अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि संभागीय स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही बैठकों में दिए गए निर्देशों का पालन कराएंगे। जिलों में यदि कोई विषय राज्य स्तर के विभिन्न विभागों के समन्वय से संबंधित है तो इस संबंध में विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कराकर उसका निराकरण कराएंगे। ऐसे मामलों को मुख्य सचिव के संज्ञान में भी लाया जाएगा।

दो माह में कम से कम एक बार संभाग स्तर पर जिलों का भ्रमण कर और हर माह वीडियो कांफ्रेंसिंग से विकास कार्यों की समीक्षा करने का दायित्व भी इन अपर मुख्य सचिवों का होगा। मुख्यमंत्री जिलों को लेकर जो निर्देश देंगे, उसका पालन कराने की जिम्मेदारी भी इन अफसरों की होगी।

# हत्या के आरोप में पूर्व भाजपा नेता फरार

## थार से कुचलकर पार्षद के भतीजे को मार डाला था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर**। सागर में भाजपा से निष्कासित नेता मिश्रीचंद गुप्ता को पुलिस एक साल में भी गिरफ्तार नहीं कर सकी। गुप्ता और उसके 6 साथियों पर चुनावी रंजिश में हत्या का आरोप है। इन्होंने थार जीप से कुचलकर पार्षद के भतीजे जगदीश यादव की हत्या कर दी थी।

छह आरोपी पकड़ लिए गए हैं। मिश्रीचंद की लोकेशन ट्रेस करने के लिए पुलिस ने मुखबिर तंत्र, साइबर सेल और स्पेशल टीम बनाकर लगाई। अब तक सभी टीम फेल रही हैं। मकरोनिया पुलिस ने थाने में मिश्रीचंद की फोटो भी गुंडा लिस्ट में लगा रखी है। पुलिस ने अभियान चलाकर इस लिस्ट के कई वारंटियों को तो धरदबोचा, लेकिन मिश्रीचंद तक नहीं पहुंच पाई।

जगदीश मकरोनिया चौराहे पर पवन यादव की डेयरी पर काम करता था। निर्दलीय पार्षद किरण यादव का भतीजा था। किरण यादव ने मिश्रीचंद गुप्ता की पत्नी मीना को पार्षद चुनाव में 83 वोट से हराया था।

### कोर्ट में 200 पेज का चालान पेश

मकरोनिया थाना पुलिस ने हत्या के मामले की जांच कर करीब 200 पेज का चालान कोर्ट में पेश किया है। कोर्ट में केस की सुनवाई शुरू हो गई है। पुलिस के पास कई सबूत हैं। वारदात का फुटेज भी सामने आया था। प्रत्यक्षदर्शी भी हैं।

New Delhi

# घना कोहरा बढ़ाएगा परेशानी, कई राज्यों में बारिश का अलर्ट, आज कैसा रहेगा मौसम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ठंड अब धीरे-धीरे अपना पूरा असर दिखाने लगी है। उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में कंपकपी बढ़ती जा रही है। सुबह और शाम के वक्त घना कोहरा छाया रहा है मगर दोपहर में धूप खिलने से थोड़ी राहत जरूरत मिल जाती है। हालांकि, पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते हवाओं में गलन बढ़ने लगी है। ताजा पश्चिमी विक्षोभ भी अपना असर दिखाना शुरू कर चुका है जिससे आने वाले दिनों में सर्दी और ज्यादा बढ़ने वाली है। इस बीच, मौसम विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत कई इलाकों को लेकर अच्छी खबर दी है। शनिवार को ठंड से कुछ राहत मिल सकती है और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का अनुमान है। राजधानी दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान 3 प्वाइंट तक बढ़ सकता है जो 9 डिग्री सेल्सियस पहुंच



जाएगा। अगर अधिकतम तापमान की बात करें तो यह 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। शुक्रवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ इलाकों में आज बूंदाबांदी होने की भी संभावना है जिससे हवाओं में ठंड बढ़ जाएगी। ऐसे में इन जगहों पर न्यूनतम तापमान गिर सकता है और ठिठुरन बढ़ सकती है। दिल्लीवालों को शनिवार को भी कोहरे से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने कोहरे को लेकर आज के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। लोगों को यह सलाह दी गई है कि सुबह और देर शाम के वक्त यातायात के दौरान सावधान रहें। उत्तर प्रदेश में बीते कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तापमान गिरने से यहां सुबह और शाम के वक्त कंपकपी होने लगती है। मगर, यूपी के लोगों के लिए आज अच्छी खबर है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को लखनऊ समेत दूसरे इलाकों में शीतलहर से कुछ राहत मिल सकती है।

Noida

## बाल उखाड़ दिए, कान का पर्दा फट गया; विवेक बिंद्रा पर पत्नी को पीटने का केस, साले ने क्या-क्या लगाए आरोप

**नोएडा, (एजेंसी)** प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा के खिलाफ सेक्टर-126 थाने में पत्नी से मारपीट करने का केस दर्ज हुआ है। पीड़ित महिला के भाई द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार, पिटाई के बाद महिला का कई दिनों तक तक दिल्ली के निजी अस्पताल में इलाज चला। उनके कान का पर्दा भी फट गया। पुलिस के अनुसार, वह सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। विवेक बिंद्रा के खिलाफ 14 दिसंबर को केस दर्ज हुआ, लेकिन शुक्रवार को खुलासा हुआ कि एफआईआर मोटिवेशनल स्पीकर के खिलाफ की गई है।

शिकायत में गाजियाबाद के चंदर नगर निवासी वैभव क्वात्रा ने बताया कि उनकी बहन यानिका की शादी बीते छह नवंबर को विवेक बिंद्रा के साथ ललित मानगर होटल में हुई थी। विवेक वर्तमान में सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा वेस्ट रेजीडेंसी में रहते हैं। शादी के करीब एक माह बाद सात दिसंबर को सुबह ढाई से तीन बजे के बीच विवेक बिंद्रा अपनी मां प्रभा से बहस कर रहे थे। इस बात को लेकर नवविवाहिता पत्नी यानिका ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो विवेक ने उसे कमरे में बंद कर दिया।

J&K

## अखनूर में साथी का शव लेकर सीमा पार भागे तीन आतंकी, सुरक्षाबलों ने नाकाम की घुसपैठ की कोशिश

**श्रीनगर, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की तरफ से आए आतंकियों ने एक बार फिर घुसपैठ करने की कोशिश की, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया है. अखनूर सेक्टर में हुई घुसपैठ की कोशिश के दौरान चार आतंकवादियों ने भारतीय इलाके में घुसने की कोशिश की. इस दौरान ड्यूटी पर मुस्तैद सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की जिसमें एक आतंकवादी मारा गया. इसके बाद बचे हुए तीन आतंकी अपने साथी का शव घसीटते हुए लेकर सीमा पार भाग गए.भारतीय सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'खौर, अखनूर के आईबी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम की गई. 22/23 दिसंबर की रात को अपने निगरानी उपकरणों के माध्यम से चार आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि देखी गई.

Haryana

## हरियाणा फिर बनने लगा गैस का चैंबर... ग्रैप-3 लागू, हवा की गति कम होने से बढ़ा प्रदूषण; छाने लगी स्मॉग

**चंडीगढ़, (एजेंसी) हवा की दिशा बदलने व गति कम होने से हरियाणा एक बार फिर गैस चैंबर बनने लगा है। शुक्रवार को यहां कई शहरों में स्मॉग की मोटी चादर छाई नजर आई। प्रदूषण का स्तर बढ़ने से लोगों को आंखों में जलन व सांस लेने में परेशानी होनी शुरू हो गई है। 25 दिन बाद हरियाणा के छह शहरों में शुक्रवार को हवा बहुत ही खराब श्रेणी में दर्ज की गई है।**

सबसे प्रदूषित बल्लभगढ़ रहा, जिसका वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 373 रिकॉर्ड किया गया है। बहादुरगढ़ में 344, गुरुग्राम 314, करनाल 310, रोहतक 307 और सोनीपत का एक्यूआई 306 दर्ज किया गया। वहीं राजधानी दिल्ली में यह 409 रहा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 के नियम लागू कर दिए हैं।

इससे शहरों में निर्माण कार्य व ध्वस्तीकरण पर प्रतिबंध लग गया। बीएस-3 पेट्रोल व बीएस-4 डीजल के चारपहिया वाहनों पर रोक रहेगी। हरियाणा के फरीदाबाद का एक्यूआई भी 282, कैथल का 256, कुरुक्षेत्र 277, मानेसर 211, सिरसा 208 और भिवानी का 280 दर्ज किया गया।

खेल

# अनुराग ठाकुर ने यूथ गेम्स की जर्सी, लोगो, शुभंकर का किया अनावरण,

### बोले- यह आगे बढ़ने का मंच

**चेन्नई, (एजेंसी) केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स सिर्फ पदक जीतने के बारे में नहीं है बल्कि युवाओं के लिए खुद को आगे बढ़ाने का एक मंच है। छठे यूथ गेम्स यहां 19 से 31 जनवरी तक तमिलनाडु के चार शहरों चेन्नई, कोयंबटूर, मदुरै और त्रिची में होंगे। अनुराग ने यहां यूथ गेम्स के लोगो, शुभंकर, जर्सी, टॉर्च और एंथम का अनावरण किया। पिछले पांच खेलो इंडिया यूथ गेम्स दिल्ली, पुणे, गुवाहाटी, पंचकूला और भोपाल में आयोजित हुए थे।**




उनके अलावा इस मौके पर तमिलनाडु के खेल मंत्री उधयनिधि स्टालिन, शतरंज ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद, टोक्यो ओलंपियन तलवारबाज भवानी देवी, बैडमिंटन स्टार जोशना चिनप्पा आदि मौजूद रहे। अनुराग ने कहा, यूथ गेम्स सिर्फ पदक जीतने के बारे में नहीं है। यह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने और निष्पक्ष खेल की भावना को बनाए रखने और जीवन भर रहने वाली दोस्ती बनाने के बारे में है। तमिलनाडु यूथ गेम्स की मेजबानी करने के लिए तैयार है। ठाकुर ने कहा कि 5,630 से अधिक एथलीट राज्य के पारंपरिक खेल सिलंबम के डेमो खेल के साथ 26 खेलों में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं।

सिनेमा

## 'डायनासोर' प्रभास का भौकाल... 'सलार' ने जवान-पठान सबको छोड़ा पीछे, जुटाई साल की सबसे बड़ी ओपनिंग



पैन इंडिया सुपरस्टार प्रभास के स्टारडम पर उठ रहे सारे सवालों के धुंआ हो जाने का वक्त आ गया है. साहो, राधे श्याम और आदिपुरुष के बॉक्स ऑफिस पर तसल्लीबख्श कमाई न करने के बाद ये सवाल उठने लगे थे कि क्या 'बाहुबली' स्टार प्रभास के स्टारडम का जलवा फीका पड़ने लगा है? प्रभास की ताजा फिल्म 'सलार' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है. और प्रभास पर उठे ये सारे सवाल, सिर्फ 24 घंटे में, तमाम वजनदार बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड्स के नीचे दफ्न होने के लिए तैयार हैं.

KGF डायरेक्टर प्रशांत नील के डायरेक्शन में बनी 'सलार' जब अनाउंस हुई थी तभी से जनता को इस फिल्म से बड़ी उम्मीदें थीं. कई बार टलने के बाद आखिरकार जब ये थिएटर्स में पहुंची है तो लोग प्रशांत और प्रभास के कॉम्बो पर दिल लुटाते नहीं थक रहे. फिल्म को बहुत सॉलिड रिव्यूज मिले हैं और इसके एक्शन सीक्वेंस, भारतीय सिनेमा में लैंडमार्क कहे जा रहे हैं. प्रशांत नील ने इतनी कारीगरी के साथ स्क्रीन पर एक फिक्शनल दुनिया तैयार की है कि 'सलार' के लिए ऑडियंस का प्यार, रियल दुनिया में मेकर्स के लिए कमाई का ढेर लगवाने वाला है. फिल्म ने पहले ही दिन से इंडियन बॉक्स ऑफिस के विशाल रिकॉर्ड हिलाने शुरू कर दिए हैं.

## संपादकीय

### आगे बढ़ने की चुनौती

उपभोक्ताओं के कंधों पर असंगत तरीके से महंगाई का बोझ पड़ना ठीक नहीं है। आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन और व्यक्तिगत देखभाल सहित सेवा श्रेणी की कीमतों में भी क्रमिक वृद्धि देखी गई है, क्योंकि मांग में धीरे-धीरे सुधार हुआ है। सेवा प्रदाताओं के सामने संभलकर आगे बढ़ने की चुनौती है। ग्रामीण श्रमिकों के लिए यह 7.13 फीसद रही। हालांकि, अक्तूबर में खुदरा मुद्रास्फीति थोड़ी कम थी द्ध कृषि श्रमिकों की 7.08 फीसद और ग्रामीण श्रमिकों की 6.92 फीसद। श्रम मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से स्पष्ट है कि निम्न मध्यवर्ग और गरीबों की परेशानी बढ़ी है। वस्तुओं की खुदरा कीमतें इस स्तर पर पहुंचने के बाद एक बड़ी आबादी खाने-पीने में कटौती करने को मजबूर हो जाती है। ठंड की शुरुआत के बाद बाजार में कीमतों में कमी आती है, लेकिन ताजा आंकड़े इसके अनुकूल नहीं दिख रहे। मौजूदा स्थिति अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर डालेगी, क्योंकि जब खाने-पीने के सामान की कीमतें लोगों की पहुंच से दूर होने लगती हैं, तो इसका सीधा असर उनके बाकी खर्चों पर पड़ता है। आमतौर पर जब थोक बाजार में कीमतें बढ़ती हैं तो खुदरा बाजार में इसकी तुलना में काफी अधिक कीमतें बढ़ जाती हैं। इससे आम उपभोक्ता की जेब पर असर पड़ता है। लेकिन चावल, गेहूं आटा, दालें, प्याज, हल्दी, लहसुन, मिश्रित मसालों के मामले में हकीकत कुछ और है। इन वस्तुओं के आयात और निर्यात में असंतुलन बड़ा कारण है।मसलन, कई साल से दालों का उत्पादन जरूरत से ज्यादा हो रहा है, पर दूसरे देशों से करार के मुताबिक दालों का आयात किया जा रहा है। नतीजा यह कि किसान स्थानीय बाजारों में न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी कम दर पर दालें बेचने को विवश हो रहे हैं। दूसरी ओर, आयातित दालें थोक बाजार की मार्फत बिक रही हैं, जिनकी कीमत अधिक होती है। इसी तरह की स्थिति गेहूं, आटा, मसालों आदि के मामले में है। अफसोस कि महंगाई नियंत्रित करने के लिए तैयार किया गया समकालीन ढांचा महंगाई को केवल आपूर्ति पक्ष से जोड़कर देख रहा है। महंगाई के मामले में राहत के उपाय खोज रहे नीति नियंताओं को यह समझना होगा। खासकर उस स्थिति में, जब वे एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को महामारी से उपजी मंदी के बाद टिकाऊ तरीके से उबारने की पुरजोर कोशिश में जुटे हैं।

# राजा की प्रेम कहानी



सालों पहले राजा नाथ का शासन शिवा नगर पर हुआ करता था। राजा की तीन रानियां थीं। राजा अपनी तीनों पत्नियों में से सबसे ज्यादा अपनी पहली पत्नी को प्यार करता था, क्योंकि वो खूब सुंदर थी। उसकी सुंदरता के कारण राजा दूसरी और तीसरी पत्नी पर ध्यान नहीं दे पाता था। वह अपनी दूसरी पत्नी को दोस्त मानता था और तीसरी पत्नी पर बिल्कुल गौर नहीं करता था।

इधर, राजा की तीसरी पत्नी उससे बेहद प्रेम करती थी, लेकिन राजा को तीसरी रानी का प्यार कभी दिखाई ही नहीं दिया। वो हरदम अपनी पहली पत्नी के साथ ही व्यस्त रहता था। ऐसा होते-होते कई साल बीत गए। रोज राजा की तीसरी पत्नी इसी उम्मीद में रहती थी कि राजा आज उसके पास आएंगे। आज वो कुछ प्रेम भरी बातें करेंगे, लेकिन ऐसा कभी कुछ नहीं हुआ।

इसी तरह कुछ वर्ष बीत गए। एक दिन राजा नाथ अचानक से गंभीर बीमार हो गए। उनकी तबियत देखते-ही-देखते खराब होती गई और उनके जीवित रहने की उम्मीद कम हो गई। तब राजा ने अपने पहली पत्नी को बुलावा भेजा। राजा की पहली पत्नी राजा के पास आए, तो राजा ने उससे पूछा कि मेरे जीवित रहने की संभावना बहुत कम हो गई है और मैं भगवान के पास अकेले जाना नहीं चाहता हूं, क्या तुम मेरे साथ चलोगी?

राजा की बातें सुनकर रानी ने उनके साथ जाने से मना कर दिया और कहने लगी कि अभी मेरा जीवन बचा हुआ है और मैं अभी और जीना चाहती हूं। इसी वजह से मैं आपके साथ नहीं जा सकती। ऐसा कहकर पहली रानी राजा के कमरे से बाहर चली गई। तब राजा दूसरी रानी को बुलाने के लिए कहता है।

दूसरी रानी को जब पता चलता है कि राजा अपने अंतिम क्षण में है और वो अपने साथ अपनी पत्नी को लेकर जाना चाहते हैं, तो वो राजा को पास जाने से ही मना कर देती है। अपनी दोनों प्रिय रानी से निराश होकर राजा ने सोचा कि मैंने कभी अपनी तीसरी पत्नी को समय नहीं दिया और न ही उसपर प्यार जताया। अब मैं उसे कैसे बुला सकता हूं। राजा ऐसा सोच ही रहे थे, तभी तीसरी रानी बिना बुलाए राजा के पास पहुंच गई।

तीसरी रानी को राजा की इच्छा पता होती है, इसलिए वह सीधे राजा से कहती है, 'स्वामी मैं आपके साथ चलने के लिए तैयार हूं। रानी की बात सुनकर राजा को बहुत खुशी हुई। साथ ही उन्हें यह निराशा हुई कि उसने सारी जिंदगी उस रानी से ठीक तरह से प्यार नहीं जताया, लेकिन यही मुझसे सबसे ज्यादा प्रेम करती है।

उसी वक्त राजगुरु एक जाने-माने वैद्य को लेकर आते हैं, जो राजा की तबीयत को ठीक कर देता है। राजा ठीक होते ही अपनी तीसरी रानी से प्रेम करने लगा। हमेशा अपने करीब राजा ने अपनी तीसरी रानी को ही रखा और दोनों खुशी-खुशी राजमहल में जीवन जीने लगे।

**कहानी से सीख**

किसी को सुंदरता से प्रेम नहीं करना चाहिए, बल्कि उसके दिल और आचरण से प्यार करना चाहिए।

# सात परियां और मूर्ख शेख चिल्ली

शेख चिल्ली बहुत ही गरीब परिवार से था। वह पढ़ाई-लिखाई में भी बहुत कमजोर था। अगर वो किसी चीज में माहिर था, तो वो था दिन भर बस खेल-खूद करना। अपना सारा समय वह मोहल्ले के लड़कों के साथ कंचे खेलने में बिता देता था। इसी तरह उसका पूरा बचपन बीत गया। धीरे-धीरे वह बड़ा होता चला गया लेकिन उसकी आदतें नहीं बदली।

शेख चिल्ली की इस आदत से उसकी मां बहुत परेशान थी। वह चाहती थी शेख चिल्ली अब बड़ा हो गया है, तो उसे कुछ काम-धंधा करना चाहिए, ताकि घर की हालत सुधर सके। एक दिन उसने शेख चिल्ली को बुलाया और खूब डांड लगाते हुए कहा – "कब तक तू दिन भर ऐसे ही मोहल्ले के आवारा लड़कों के साथ कंचे खेलेगा? अब तो तू बड़ा हो गया है और हट्टा-कट्टा भी है, तो तू कोई नौकरी क्यों नहीं करता है। कब तक ऐसे घर बैठे-बैठे मुफ्त की रोटियां खाएगा?"

मां की बात सुनकर शेख चिल्ली ने कुछ भी नहीं कहा। वह चुपचाप उनके आदेशों का पालन करते हुए अगले दिन नौकरी की तलाश में दूसरे गांव के लिए निकल पड़ा। शेख चिल्ली की मां ने उसके थैले में रास्ते के लिए सात रोटियां बांध दी। इसके बाद शेख चिल्ली आगे की ओर निकल पड़ा।

शेख चिल्ली ने आधा ही रास्ता तय किया था कि उसे भूख लग गई। वह एक कुएं के पास ठहरा और अपने थैले से रोटियां निकाल कर खाने के लिए बैठ गया। मां की दी हुई सात रोटियां को देखकर वह



कहने लगा – "एक खाऊं, दो खाऊं, तीन खाऊं कि सातों को खा लूं।"

संयोग से उसी कुएं में सात परियां भी रहती थीं। शेख चिल्ली की खाने वाली बात सुनकर वे घबरा गईं। उन्हें लगा कि वह उन परियों को खाने की बात कर रहा है। डर के मारे वे सातों परियां कुएं से बाहर आई और शेख चिल्ली से विनती करने लगी कि वह उन्हें न खाए।

परियों ने शेख चिल्ली से कहा – "हमें मत खाओ। हम तुम्हें एक जादुई घड़ा देंगे। उस घड़े से तुम जो भी मुराद मांगोगे वह पूरी हो जाएगी।" शेख चिल्ली ने परियों से जादुई घड़ा लिया और फिर वापस अपने घर आ गया। घर पहुंचकर उसने अपनी मां को परियों वाली बात बताई। मां यह सब सुनकर हैरान थी। उसने सोचा क्यों न परियों द्वारा दिए गए जादुई घड़े को आजमा कर देखा जाए। मां ने घड़े से ढेर सारे पकवान की इच्छा मांगी। इतना कहते ही उनके सामने तरह-तरह के पकवान थालियों में सज गए। दोनों से उस रात भरपेट खाना खाया।

इसके बाद शेख चिल्ली की मां ने उस जादुई घड़े से ढेर सारा धन मांगा और दोनों अमीर हो गए। यह सब देखकर शेख चिल्ली की मां बहुत खुश थी, लेकिन उसके मन में डर था कि गांव वाले उसके मूर्ख बेटे से उनके अमीर होने का राज न उगलवा लें। तभी शेख चिल्ली की मां को एक तरकीब सूझी। वह बाजार गई और ढेर सारे बताशे खरीद लाई। फिर घर के छप्पर पर चढ़कर उनकी बारिश करने लगी। छप्पर से बताशे की बरसात देखकर शेख चिल्ली खूब खुश हुआ। उसे लगा ऐसा उस घड़े की वजह से हो रहा है। उसने ढेर सारे बताशे खाए। अमीर बनने के बाद शेख चिल्ली व उसकी मां के रहने के तौर-तरीके भी बदल गए, जिसे कुछ ही दिनों में गांव के लोगों ने भांप भी लिया। गांव के लोग सोचने लगे कि अचानक ये इतने अमीर कैसे हो गए।

गांव के कुछ लोग शेख चिल्ली की मां के पास गए और पूछने लगे आखिर उन लोगों के पास इतने सारे धन कहां से आए। गावं वाले की बात सुनकर शेख चिल्ली मां ने कुछ नहीं बताया, तो उन्होंने सोचा कि चलो सीधा मूर्ख शेख चिल्ली से ही पूछ लिया जाए। एक दिन मौका मिलते ही गांव के लोगों ने शेख चिल्ली को बुलाया और उससे पूछा कि आज-कल तुम्हारे रंग-ढंग कैसे बदल गए हैं। इस पर शेख चिल्ली ने उन्हें परी और जादुई घड़े वाली सारी बात बता दी।

शेख चिल्ली की बात सुनकर गांव वाले उसके घर पर गए और जादुई घड़ा दिखाने के लिए कहने लगे। इस पर शेख चिल्ली की मां ने कहा कि उनके पास ऐसा कोई घड़ा नहीं है।

मां ने कहा – "तुम लोग तो जानते ही हो कि मेरा बेटा मूर्ख है। यह तो दिन में भी सपने देखता है।"

यह सुनकर शेख चिल्ली ने जोर देते हुए कहा – "मां याद करो, मैंने तुम्हें ही वो जादुई घड़ा दिया था। क्या तुम भूल गई? उसी घड़े से तो हमने रात में ढेर सारे पकवान खाए थे और फिर हमारी छप्पर से बताशे की बारिश भी तो हुई थी।"

यह सुनकर उसकी मां ने हंसते हुए कहा – "लो अब बताओ कोई, भला छप्पर से भी कहीं बताशे की बारिश होती है?"

अब गांव वालो को भी शेख चिल्ली की मां की बातों पर यकीन हो गया था। उन्होंने मान लिया कि शेख चिल्ली ने कोई सपना देखा होगा और उन्हें कोई मनगढ़ंत कहानी सुना रहा होगा और सभी अपने-अपने घर वापस चले गए।

**कहानी से सीख**

मूर्ख लोगों की सच बात पर भी कोई यकीन नहीं करता है। इसलिए, उम्र व जरूरत के अनुसार खुद की कमियों को दूर करना चाहिए और होशियारी का हुनर सीखना चाहिए।




1. **Terrorists seen dragging body back as infiltration bid foiled in J&K: Army**
2. **4 COVID-19 deaths, 752 cases reported in India**
3. **Rajasthan: Nine Including Ex-MLA, Ministers, Cops Accused Of Rape**
4. **'Bhagavad Gita' to be introduced in Gujarat School Curriculum**
5. **Why Did Karnataka CM Siddaramaiah Revoke Hijab Ban In Classrooms?**

# Centre refutes IMF's debt warning, recalls 'far worse' conditions of US, China

**NEW DEIHI, (Agency).**The Indian government's debt-to-GDP ratio projection by the International Monetary Fund (IMF) exceeding 100% by 2027-28 is "misconstrued", the Union finance ministry said while adding that the predictions by the UN's financial body correspond to a worst-case scenario which is not a "fait accompli", or not something that cannot be revived.

In its so-called annual Article IV review, the IMF predicted that India's general debt would exceed 100% of its GDP under adverse circumstances by fiscal 2028.

Referring to the same report that predicts the debt-to-GDP ratio for the US, the UK and China, which stand at 160%, 140% and 200%, respectively, under worst-case conditions, the ministry said their situation is far worse compared to 100% for India.

"It is also noteworthy that the same report indicates that under favourable




circumstances, the general government debt to GDP ratio may decline to below 70 per cent in the same period," the ministry said in a statement.

The government also said the country's general debt is overwhelmingly rupee-dominated with minimal bilateral or multilateral borrowings from external sources. "Domestically issued debt, largely in the form of government bonds, is mostly medium or long-term with a weighted average maturity of roughly 12 years for central government debt. Therefore, the rollover risk is low for domestic debt, and the exposure to volatility in exchange rates tends to be on the lower end," the ministry said.

The ministry also pointed out that the general government debt, which includes both states and the Centre, has come down to 81% in the 2022-23 financial year from 88% in the 2020-21 FY.

"The states have also individually enacted their fiscal responsibility legislation, which is monitored by their respective state legislatures," the statement added.

# Finance ministry refutes IMF report on India's debt situation

**NEW DEIHI, (Agency)** The government on Friday refuted the International Monetary Fund's (IMF) latest report that India's government debt would exceed 100% of gross domestic product (GDP) in the medium term as factually wrong.

"In the light of the International Monetary Fund's latest Article IV consultations with India, certain presumptions have been




made taking into account possible scenarios that does not reflect factual position," Union finance ministry said in a statement issued on Friday late night.

The statement, titled, "Factual position vis-à-vis IMF's Article IV consultations with India", said it is important to note that general government debt in India — includes debt of both the centre and the state governments — is overwhelmingly rupee-denominated, with external borrowings (from bilateral and multilateral sources) contributing a minimal amount.

"This has been highlighted in the IMF Report. Domestically issued debt, largely in the form of government bonds, is mostly medium or long-term with a weighted average maturity of roughly 12 years for central government debt. Therefore, the rollover risk is low for domestic debt, and the exposure to volatility in exchange rates tends to be on the lower end," it said.

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# 'सतर्क रहे - सजग रहे अभियान'

को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित
करने में अपना योगदान दीजिये ।

हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकलित है...!

हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!

हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान
के साथ सहयोग के लिए भी संकलित है...!

'मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि' की भावना वाली हमारी संवाद और
सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े ।

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**
Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

Facebook
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

Instagram
https://www.instagram.com /detective_group_report

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक